कविता

दीप जलाएं खुशियों के



संगीता वर्मा।

आंगन में फिर दीप सजाएं, मन के कोने रोशन कर जाएं।
अंधियारे को दूर भगाकर, खुशियों के हम रंग बिखराएं।
मिट्टी के दीयों की बाती, कहती है हर रात सुहाती।
प्रेम, भरोसे और अपनत्व से, महके हर घर की परिपाटी।
रूठे रिश्तों को फिर मनाएं, मिलकर खुशियों के गीत सुनाएं।
नफरत की दीवारें तोड़ें, नेह के नए दीप जलाएं।
पटाखों के शोर से बढ़कर, हंसी बच्चों की प्यारी हो।
धुएं से मुक्त रहे हर आंगन, स्वच्छ हवा की तैयारी हो।
दीपावली बस पर्व नहीं है, नई उम्मीदों का संदेश है।
अपने भीतर दीप जलाएं, हर जीवन में उजियारा लाएं।



- संगीता वर्मा, सम्राट अशोक नगर।

क्रोशिया से धागों में पिरो रहीं हुनर की खुशबू

हुनर जब जुनून बन जाए तो साधारण धागे भी खूबसूरत आकृतियों में ढालकर पहचान बनाने लगते हैं। कुछ ऐसा ही कर रही हैं कंपनी बाग निवासी खुशबू। दिल्ली से मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई और 11 साल मीडिया में काम करने के बाद उन्होंने अपनी रचनात्मक रुचि को नया मुकाम देने का फैसला किया। परिवार के मुरादाबाद में रहने के साथ उन्होंने यहां अपने हुनर को कारोबार का रूप दिया। छोटी गली में दुकान के माध्यम से वह फूलों को ग्राहकों की पसंद के अनुसार कस्टमाइज करती हैं। इसके साथ ही क्रोशिया से 21 तरह के उत्पाद तैयार कर रही हैं। मंदिर में सजाने के लिए गेंदे के फूल हों या बच्चों के लिए मुलायम खिलौने, उनके हाथों से बने उत्पादों में रचनात्मकता के साथ उपयोगिता का भी ध्यान रखा जाता है।

प्रतिभा

खुशबू ने क्रोशिया का हुनर अपनी मां नीरा बिन्नोई से सीखा। करीब ढाई महीने तक मां से इसकी बारीकियां सीखने के बाद उन्होंने इसमें नए प्रयोग शुरू किए। कुछ अलग करने की चाह में सबसे पहले मंदिर में हमेशा सजाकर रखने के लिए गेंदे के फूल बनाए। इसके बाद बाजार जाते समय महिलाओं को होने वाली जरूरत को समझते हुए कपड़े के बैग तैयार किए। धीरे-धीरे उनका काम फूलों और बैग से आगे बढ़कर बच्चों के खिलौनों तक पहुंच गया। प्लास्टिक के खिलौनों के विकल्प के रूप में वह सूती धागों से छोटे हाथी और टर्टल जैसे मुलायम खिलौने बनाती हैं। उनका प्रयास है कि बच्चों को सुरक्षित और हाथ से बने खिलौनों का विकल्प मिले।



खुशबू कंपनी बाग।

फूलों में छिपी है भावनाएं: खुशबू के लिए फूल केवल सजावट का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने का खूबसूरत जरिया हैं। वह ग्राहकों की पसंद और खास मौकों को ध्यान में रखकर फूलों को कस्टमाइज करती हैं। जन्मदिन, वर्षगांठ और दूसरे अवसरों के लिए अलग-अलग डिजाइन तैयार करती हैं। इसके अलावा वह फूलों के साथ आफ्टरशेव भी बनाती हैं, जिन्हें महिलाएं अपने बैग पर लगाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह सजावटी फूलों को वह उपयोगी और व्यक्तिगत उपहार का रूप देती हैं।

क्रोशिया के 21 डिजाइनों में हुनर की झलक: धागों से खूबसूरत आकृतियां उकेरना खुशबू की खासियत है। वह क्रोशिया से 21 तरह के उत्पाद तैयार करती हैं। इनमें बच्चों को पढ़ाने के लिए फल और सब्जियों की आकृतियां, अल्फाबेट और मुलायम खिलौने शामिल हैं। इन उत्पादों को तैयार करते समय वह उनकी सफाई और रखरखाव का तरीका भी बताती हैं, ताकि इन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सके। उनके हाथों से तैयार होने वाले उत्पादों में कल्पनाशीलता और बारीकियों पर पकड़ दिखाई देती है। खुशबू ने अपने काम को सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचाया है। इंस्टाग्राम पर उनके पेज पर उनके बनाए उत्पादों को देखकर लोग आर्डर दे रहे हैं।

दिल्ली में मीडिया के क्षेत्र में काम करने का अनुभव और अब अपने हुनर को कारोबार में बदलने का सफर उनके लिए नई पहचान बना रहा है। उनका काम बताता है कि करियर की दिशा बदलकर भी अपनी रुचि और कौशल के सहारे रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

रेसिपी

पालक पनीर : स्वाद और सेहत का बेहतरीन मेल



डा. अनुपमा मिश्रा

सामग्री: 250 ग्राम पालक, 200 ग्राम पनीर, एक प्याज बारीक कटा, दो टमाटर, एक चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, दो हरी मिर्च, आधा चम्मच जीरा, आधा चम्मच हल्दी, एक चम्मच धनिया पाउडर, स्वादानुसार नमक, थोड़ा गरम मसाला और दो चम्मच तेल या घी।

बनाने की विधि : सबसे पहले पालक को अच्छी तरह धोकर गर्म पानी में दो से तीन मिनट उबाल लें। तुरंत ठंडे पानी में डालकर निकालें और हरी मिर्च के साथ पीसकर पेस्ट बना लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करके जीरा डालें। प्याज सुनहरा होने तक भूनें। अदरक-लहसुन का पेस्ट और टमाटर डालकर पकाएं। हल्दी, धनिया पाउडर और नमक मिलाएं। मसाला अच्छी तरह भुन जाए तो पालक का पेस्ट डालकर पांच मिनट पकाएं। अब पनीर के टुकड़े डालें और धीमी आंच पर तीन से चार मिनट पकाएं। अंत में गरम मसाला डालकर मिलाएं।

परोसने का तरीका: ऊपर से थोड़ी मलाई या क्रीम डालकर गर्मागर्म पालक पनीर को रोटी, पराठे या नान के साथ परोसें।

ठंड में ऐसे करें पौधों की देखभाल, हरियाली रहेगी बरकरार : सर्दियों में गिरता तापमान और पाला पौधों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी बरतकर पौधों को हरा-भरा रखा जा सकता है।

- डा. अनुपमा मिश्रा, एमडीए।

प्रेरक कहानी

अपनों को खोने का दर्द बना दूसरों के बच्चों का सहारा

कभी-कभी जिंदगी का सबसे बड़ा दुख इंसान को ऐसा रास्ता दिखा देता है, जिस पर चलकर वह दूसरों के जीवन में रोशनी भरने लगता है। वृंदा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है।

अपने बच्चे को खोने का दर्द उनके जीवन में ऐसा खालीपन छोड़ गया, जिसे भर पाना आसान नहीं था। इस असहनीय पीड़ा के बीच उन्होंने खुद को टूटने देने के बजाय दूसरों के बच्चों के भविष्य को संवारने का संकल्प लिया।

बच्चे की मौत के बाद वृंदा ने महसूस किया कि समाज में आज भी ऐसे कई बच्चे हैं, जिन्हें सही देखभाल, शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर नहीं मिल पाते। उन्होंने अपने दुख को समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा बनाया और बच्चों के लिए स्कूल खोलने का फैसला किया।

उनका उद्देश्य सिर्फ किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को बेहतर माहौल, संस्कार और जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देना भी है।

वृंदा का यह कदम बताता है कि मातृत्व केवल अपने बच्चे तक सीमित नहीं होता। प्रेम और ममता का विस्तार किया जाए तो उससे कई बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत दुख को सामाजिक जिम्मेदारी में बदलकर यह संदेश दिया कि मुश्किल परिस्थितियां भी किसी अच्छे उद्देश्य की शुरुआत बन सकती हैं। किसी एक बच्चे को खोने का दर्द कम नहीं हो सकता, लेकिन अनेक बच्चों के जीवन में शिक्षा की रोशनी पहुंचाकर वृंदा ने अपने जीवन को एक नई दिशा दी।



भूमिका।

- भूमिका, रामगंगा विहार।

घरेलू नुस्खे

अपने पौधे का धूप में रखें ध्यान



मनीषा रस्तोगी, मंडी चौक।



पौधों को ऐसी जगह रखें जहां सुबह की हल्की धूप मिल सके। धूप की कमी से पौधों की बढ़त प्रभावित होती है।

पानी सीमित दें: ठंड में पौधों को पानी की जरूरत कम हो जाती है। मिट्टी की ऊपरी सतह सूखने पर ही पानी दें। जरूरत से ज्यादा पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं।

पत्ते से करें बचाव: रात में तापमान गिरने पर गमलों को खुले स्थान से हटाकर टीचर या छत के नीचे रखें। नाजुक पौधों को कपड़े या गार्डन कवर से ढक दें।

खाद का रखें संतुलन: सर्दियों में पौधों को जरूरत के अनुसार वर्मी कंपोस्ट या गोबर की अच्छी तरह सड़ी खाद दें। बहुत अधिक खाद डालने से बचें।

सूखी पत्तियां हटाएं: पौधों की सूखी और पीली पत्तियों को समय-समय पर हटाते रहें। इससे कीट और फंगस का खतरा कम होता है।

गमलों की निकासी जांचें: गमलों के नीचे बने छेद खुले रखें, ताकि अतिरिक्त पानी निकल सके।

इन छोटी-छोटी सावधानियों से सर्दियों पौधों की सेहत बनी रहेगी और बगीचा हरे से महकता रहेगा।

सेहत की वात

हार्मोनल असंतुलन को न करें कभी नजरअंदाज

शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ने से महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अनियमित माहवारी, वजन का अचानक बढ़ना या घटना, मुंहासे, बाल झड़ना और थकान इसके प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में इन संकेतों को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. करिश्मा सिंह बताती हैं कि समय रहते हार्मोनल असंतुलन की पहचान और उपचार से कई परेशानियों को नियंत्रित किया जा सकता है।

अनियमित माहवारी हो सकती है संकेत
माहवारी का समय पर न आना, बहुत अधिक या कम रक्तस्राव होना हार्मोनल असंतुलन का संकेत हो सकता है। पीसीओएस और थायराइड जैसी समस्याओं में भी मासिक चक्र प्रभावित होता है। लगातार अनियमितता रहने पर चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है।

वजन और त्वचा में बदलाव पर दें ध्यान
हार्मोन में बदलाव के कारण बिना किसी खास वजह के वजन बढ़ सकता है या घट सकता है। चेहरे पर मुंहासे, त्वचा का तैलीय होना और अनचाहे बालों की समस्या भी हो सकती है। इन लक्षणों को केवल बाहरी परेशानी मानकर उपचार टालना ठीक नहीं है।

तनाव और बिगड़ी दिनचर्या भी वजह
लगातार तनाव, पर्याप्त नींद न लेना, खानपान में लापरवाही और शारीरिक गतिविधियों की कमी हार्मोन के संतुलन को प्रभावित कर सकती है। इसलिए नियमित दिनचर्या अपनाना और मानसिक तनाव कम करना जरूरी है।

खानपान और व्यायाम का रखें ध्यान
भोजन में हरी सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। जंक फूड और अधिक मीठे का सेवन सीमित रखें। व्यायाम और पर्याप्त नींद भी हार्मोन संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

चिकित्सक लक्षणों के आधार पर जरूरी जांच कराकर उपचार तय कर सकते हैं। खुद से हार्मोन संबंधी दवाएं लेना नुकसानदायक हो सकता है। महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हार्मोनल संतुलन जरूरी है। समस्या बने रहने पर समय रहते चिकित्सकीय सलाह लें।



डा. करिश्मा सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ।

आप भी हैं प्रतिभावान

अगर आपके पास भी ऐसी कोई कविता, कहानी और घरेलू नुस्खे आदि बनाने की प्रतिभा है, तो उसे लिखकर मेल आइडी rajni.mehta@mbd.jagran.com पर भेज सकते हैं। अपना फोन नंबर लिखना न भूलें।

समर्थ के हरफनमौला प्रदर्शन से सीएसएस अकादमी फाइनल में



सीएसएस क्रिकेट अकादमी में टूर्नामेंट के बाद मौजूद खिलाड़ी • सौ. आयोजक

जासं, मुरादाबाद: करण सिंह अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में सीएसएस क्रिकेट अकादमी ने रामपुर क्रिकेट अकादमी को हराकर फाइनल में जगह बना ली। रामपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 131 रन पर आलआउट हो गई। टीम की ओर से मोहम्मद हमजा ने 23 और कुलदीप ने 21 रन बनाए। सीएसएस की ओर से शुएब खान ने तीन और समर्थ अग्रवाल ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसएस अकादमी ने 25 ओवर में जीत हासिल कर ली। समर्थ अग्रवाल ने 52 और दिव्यांश शर्मा ने 32 रन बनाए। रामपुर की ओर से लकी ने तीन और कुलदीप ने दो विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए समर्थ अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

करण सिंह अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल जीती सीएसएस अकादमी

आजम की आतिशी पारी से नेक्स्ट जनरेशन ने पारकर को दी शिकस्त

जासं, मुरादाबाद: अंडर-12 अवस्थी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने पारकर क्रिकेट अकादमी को 18 रन से हराया। आजम ने 37 गेंदों पर 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली और बाद में तीन विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। शनिवार को माडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी में खेले गए मुकाबले में टास जीतकर नेक्स्ट जनरेशन ने पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। विदांश ने 55 गेंदों पर नाबाद 33 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर की टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन ही बना सकी। काव्यांश ने 30, दृष्टि ने 32 और हंजल ने 26 रन बनाए। नेक्स्ट जनरेशन के दीप ने चार विकेट लिए।

क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपने पुत्र दानिश खान को गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल का सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। अजीम पुत्र जाहिद नि. मंसूरपुर थाना सिविल लाइन रामपुर।

मैंने अपने पुत्र सुलेमान और पुत्रवधु नरगिस को गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। इकबाल हुसैन पुत्र निसार हुसैन निवासी ईश्वरपुर टांडा जिला रामपुर।

मेरी हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में मेरी जन्मतिथि 22/01/2008 दर्ज है, जो गलत है। मेरी सही जन्मतिथि 08/09/2007 है। मो. माहिर पुत्र मो. अकरम नि. भमरौआ सदर रामपुर

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम ABDUL QUAM से बदलकर ABDUL QAYYUM पुत्र ABBAN MISTRY निवासी मोहल्ला 73 दरख्त कैम्प, रामपुर उ.प्र. रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

Classifieds
दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK
CLASSIFIED ADVT.
OVER PHONE
in Moradabad
For More Details Contact
SANTOSH KUMAR
9412468288
GAURAV SHARMA
8439612366

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बरेली।
वाद सं०- 2380 / 2025
प्रमोद राठौर आयु लगभग 34 वर्ष पुत्र स्व० मथुरा प्रसाद निवासी निकट शिव थान स्कूल खलीलपुर रोड श्री.बी.गंज, तहसील व जिला बरेली।...वादी। बनाम सुश्री राठौर आयु लगभग 30 वर्ष पत्नी प्रमोद राठौर पुत्री श्री भगवत सरन राठौर निवासी विष्णु विहार कालोनी, थाना सिविल लाइन्स जिला रामपुर।...प्रतिवादी। अंतर्गत धारा- 13 H.M. Act थाना- , जनपद-बरेली। चूंकि प्रमोद राठौर ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13 H.M. Act प्रस्तुत किया है। अतः आपको एतद्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 22/12/2026 को वास्ते लिखित कथन / एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हों। यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो अवश्य चिपकाया जाये। विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन प्रस्तुत के समय अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत दिनांक 22/12/2026 पर आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जावेगी। दिनांक 07.11.2026
न्यायाधिकारी प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बरेली।

pnb Oriental United
पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक !
सर्किल कार्यालय : ARMB शाखा, रामगंगा विहार, निकट सैल टैक्स, मुरादाबाद (यू.पी.)
EMAIL: cs8281@pnb.co.in

ई–नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक / प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी के अंकितानुसार तिथि को **"जैसी है जहां है", "जो भी है वही है"** आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

ई–नीलामी की तिथि एवं समय– 26.11.2026 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक | **शाखाः ARMB (828100), मुरादाबाद**

क्र. सं.	ऋणी/बंधककर्ता/ गारंटर का नाम	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण सम्पत्ति स्वामी का नाम	सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधी न मांग सूचना की तिथि / सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (रूपये में) / ईएमडी (रूपये में) / बोली वृद्धि राशि	QR कोड
1	**मैसर्स राजा टेंट एजेंसी (ऋणी फर्म) श्री वकील अहमद, पुत्र श्री लईक अहमद (प्रोप्राइटर एवं बंधककर्ता)**	साम्यिक संपत्ति स्थित है अमरोहा खास, अंदर चुंगी, मोहल्ला – लाल मस्जिद, पास दानिश मंदान, तहसील व जिला – अमरोहा (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 261.00 वर्ग मीटर है (नामित है श्री वकील अहमद, पुत्र श्री लईक अहमद)। पंजीकृत हैः बही संख्याः 1, जिल्द संख्याः 1114, पृष्ठ संख्याः 219 से 221, क्रम संख्याः 4852, दिनांकः 24.08.1969, **चौहद्दीः पूर्वः** सरकारी सड़क **पश्चिमः** सरकारी सड़क **उत्तरः** शाहनवाज का मकान **दक्षिणः** यासीन का मकान	12.02.2026 / रू. 21,07,740.14/- ब्याज और अन्य शुल्क, 12.02.2026 से प्रभावी / सांकेतिक कब्जा	(A) रू.1,27,25,000/- (B) रू. 12,72,500/- (C) रू. 50,000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2039	
2	**श्री शबलू खान, पुत्र मोहम्मद इरफान एवं असलम, पुत्र दिलावर हुसैन (सह–ऋणी)**	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है एल.आई.जी. प्लॉट संख्या 06, सीतापुरी दस सराय, एम.डी.ए. आवासीय योजना, तहसील व जिला – मुरादाबाद (उ.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 61.20 वर्ग मीटर है (नामित है श्री शबलू खान, पुत्र श्री मो. इरफान) पंजीकृत हैः बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 17611, पृष्ठ संख्याः 31 से 46, क्रम संख्याः 558, दिनांकः 07.01.2022, **चौहद्दीः पूर्वः** अन्य भूमि **पश्चिमः** 9.00 मीटर चौड़ा रास्ता **उत्तरः** एल.आई.जी. प्लॉट संख्या 05 **दक्षिणः** एल.आई.जी. प्लॉट संख्या 07	25.10.2023 / रू. 31,60,513.08/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 25.10.2023 से प्रभावी / सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 23,70,000/- (B) रू. 2,37,000/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2146	
3	**मैसर्स एस.एन. इलेक्ट्रॉनिक (ऋणी फर्म)** निवासी ग्राम ढकिया पीरू, पोस्ट ढकिया जट, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद **शाहिद हुसैन, पुत्र मो. हनीफ (ऋणी/साझेदार)** निवासी ग्राम ढकिया पीरू, पोस्ट ढकिया जट, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, **नूर अहमद, पुत्र मो. हनीफ (ऋणकर्ता/साझेदार)** निवासी ग्राम ढकिया पीरू, पोस्ट ढकिया जट, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद **जाने आलम, पुत्र कलुआ (गारंटर)** निवासी ढकिया जट, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद **मोहम्मद हनीफ, पुत्र हैदर अली (गारंटर)** निवासी ढकिया जट, तहसील– ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद – 244001	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है ग्राम ढकिया पीरू, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद, जिसका कुल क्षेत्रफल 49.05 वर्ग मीटर है (नामित है शाहिद हुसैन, पुत्र मो. हनीफ)। पंजीकृत हैः बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 2562, पृष्ठ संख्याः 87 से 140, क्रम संख्याः 599, दिनांकः 23.02.2017, **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट आसिफ व क्रेता **पश्चिमः** दुकान बिल्कीस **उत्तरः** मकान हमीद व रास्ता **दक्षिणः** मकान वसीम व रास्ता	14.01.2022 / रू. 24,28,442.44/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 14.01.2022 से प्रभावी / सांकेतिक कब्जा	(A) रू.23,59,000/- (B) रू. 2,35,900/- (C) रू. 50,000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2020	
4	**उमामा पेस्टिसाइड स्टोर्स एवं उमामा एंटरप्राइजेस (ऋणी फर्म) मोहम्मद हनीफ, पुत्र हैदर अली** पता ग्राम ढकिया पीरू, पोस्ट ढकिया जट, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद – 244001	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है ढकिया जट, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद (उ.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 136.35 वर्ग मीटर है (नामित है मो. हनीफ, पुत्र हैदर अली) पंजीकृत हैः बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 2647, पृष्ठ संख्याः 157 से 184, क्रम संख्याः 3235, दिनांकः 27.07.2017, **चौहद्दीः पूर्वः** मकान मोहम्मद हुसैन **पश्चिमः** मकान हैदर अली **उत्तरः** रास्ता **दक्षिणः** मकान हैदर अली	05.09.2022 / रू. 35,97,938/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 05.09.2022 से प्रभावी / सांकेतिक कब्जा	(A) रू. 37,60,000/- (B) रू. 3,76,000/- (C) रू. 25000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2151	
5	**मैसर्स उमामा एग्रो सीड्स (ऋणी फर्म) अर्चना गुप्ता, पत्नी मोहम्मद हनीफ (साझेदार) एवं मोहम्मद हनीफ, पुत्र हैदर अली (साझेदार)** निवासी ग्राम ढकिया पीरू, पोस्ट ढकिया जाट, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद	साम्यिक संपत्ति स्थित है ग्राम गुलड़िया माफी, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद, जिसका कुल क्षेत्रफल 182.29 वर्ग मीटर है (नामित अर्चना गुप्ता, पत्नी मो. हनीफ) पंजीकृत हैः बही संख्याः 1, जिल्द संख्याः 2557, पृष्ठ संख्याः 325 से 382, क्रम संख्याः 467, दिनांकः 17.02.2017, **चौहद्दीः पूर्वः** मकान फैजुल हसन व रास्ता 5.18 मीटर चौड़ा **पश्चिमः** मकान नजाकत **उत्तरः** मकान खुरशीद **दक्षिणः** मकान इबले	25.05.2021 / रू. 25,68,211/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 25.05.2021 से प्रभावी	(A) रू. 28,72,000/- (B) रू. 2,87,200/- (C) रू. 50,000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2066	
6	**मैसर्स अब्बासी हार्डवेयर स्टोर (ऋणी फर्म) श्री मुस्तफा हुसैन, पुत्र मो. हुसैन (साझेदार) श्री मो. इस्लाम, पुत्र मो. उमर (साझेदार) मुजम्मिल अली, पुत्र मो. हुसैन (गारंटर/बंधककर्ता)**	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है ग्राम – जटपुरा, ठाकुरद्वारा से मुरादाबाद रोड, तहसील – ठाकुरद्वारा, जिला – मुरादाबाद, जिसका कुल क्षेत्रफल 536.88 वर्ग मीटर है (नामित श्री मुजम्मिल अली, पुत्र श्री मो. हुसैन) पंजीकृत हैः बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 2575, पृष्ठ संख्याः 229 से 264, क्रम संख्याः 1096, दिनांक 21.03.2017, **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट नसीम अहमद **पश्चिमः** रास्ता 3.96 मीटर चौड़ा **उत्तरः** प्लॉट मुस्तफा हुसैन **दक्षिणः** प्लॉट शौकत व मतीन	20.05.2021 / रू. 25,42,694.58/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 20.05.2021 से प्रभावी	(A) रू. 10,48,000/- (B) रू. 1,04,800/- (C) रू. 50,000/- सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2021	

कृपया सरफेसी अधिनियम–2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिनों का वैधानिक नोटिस पढ़ें। **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि– ई–नीलामी से पूर्व**

ई–नीलामी **"जहां है जैसा है"** और **"जो है जैसा है"** के आधार पर की जा रही है और इसे "ऑनलाइन" आयोजित किया जाएगा। नीलामी बैंक के अनुमोदित वेब पोर्टल, **https://baanknet.com/, ssupport.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ई–नीलामी वेब पोर्टल जिसमें ऑनलाइन ई–नीलामी, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्तियों का शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावे/अधिकार/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। बैंक की प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह से तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। ई–नीलामी की अन्य नियम और शर्तें **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर प्रकाशित हैं। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बोली/बिक्री राशि का **25% संबंधित ईएमडी खाता** में तुरंत जमा करना होगा, बयाना राशि उसी **25%** के प्रतिकूल समायोजित की जाएगी। यदि निर्धारित समय के भीतर **25:** राशि जमा नहीं की जाती है, तो बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। सफल प्रतिभागी को बिक्री की पुष्टि की तारीख से **15 दिन** के भीतर शेष **75%** राशि जमा करनी होगी। यदि निर्धारित समय के भीतर **75%** राशि जमा नहीं की जाती है, तो **25%** भी जब्त कर ली जाएगी और प्रतिभागी का संपत्ति पर कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें **मण्डल कार्यालय, श्री अनिल कुमार : +91 9674156363, श्री अरविन्द सिंह +91 9528411891**

दिनांकः 07.11.2026 | स्थान : मुरादाबाद, अमरोहा | प्राधिकृत अधिकारी– पंजाब नैशनल बैंक